# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

**मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ**

वेबसाइट: **hajcommittee.up.gov.in** ; ई–मेल : **hajcommittee.up@gmail.com**, **shcuplko@rediffmail.com**

पत्रांक : जी–।।/302 /एस0एच0सी0/2026 दिनांक : 13.07.2026

सेवा में

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी,
लखनऊ/बरेली/ग़ाजियाबाद।

विषय: हज–2027 के इच्छुक हज आवेदकों को शीघ्र पासपोर्ट निर्गत किये जाने की सुविधा के सम्बन्ध में।

महोदय,

विदेश मंत्रालय (पी0एस0पी0 डिवीज़न), भारत सरकार के पत्र संख्या VI/401/1/16/2025 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। हज–2027 हेतु आवेदकों के अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैद्यता दिनांक 31 दिसम्बर, 2027 तक होना आवश्यक निर्धारित किया गया है।

उक्त के क्रम में सभी पासपोर्ट कार्यालयों को निर्देश दिये गये हैं कि हज आवेदकों के पासपोर्ट हेतु पासपोर्ट आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि पासपोर्ट आवेदन की अन्तिम तिथि 20.07.2026 तक जारी हो सकें। इसके अतिरिक्त हज–2027 हेतु पासपोर्ट आवेदकों की सुविधार्थ नोडल अधिकारी नामित करने, पासपोर्ट कार्यालयों में हज सुविधा काउण्टर स्थापित करने, हज आवेदकों के लिए ऑनलाइन अपाइंटमेंट स्लॉट आरक्षित करने तथा हज से सम्बन्धित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

अतः उक्त के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि पासपोर्ट कार्यालय के सत्यापन अधिकारी, अनुदान अधिकारी एवं सेवा प्रदाता के सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को भी अपनी ओर से उक्त निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें, जिससे कि हज आवेदकों के प्रकरणों के निस्तारण में सुविधा हो सके व पासपोर्ट, हज आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 20.07.2026 से पूर्व निर्गत हो सकें व हज–2027 हेतु इच्छुक आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकें।

भवदीय,

Digitally signed by
MOHD TARIQ
Date: 13-07-2026
16:46:44

संलग्नक : विदेश मंत्रालय (पी0एस0पी0 डिवीज़न),
भारत सरकार का पत्र।

(मोहम्मद तारिक़)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

पत्रांक ...............................तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को कृत कार्यवाही से अवगतार्थ।
2. निजी सचिव मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0।
3. मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति।
4. मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति।
5. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
7. समस्त ज़िलाधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।

(मोहम्मद तारिक़)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी